प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में लगातार बारिश से भारी तबाही, कई जगहों पर पुल और डायवर्सन बहे, पलामू, चतरा, लोहरदगा और कोडरमा समेत कई जिलों में आज भी भारी बारिश की चेतावनी, रांची समेत कई जिलों में दूसरे दिन भी स्कूल बंद।
2. झारखंड ने क्लीन एनर्जी की दिशा में बढ़ाया कदम, शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए राज्य सरकार ने स्वनीति इनिशिएटिव के साथ किया एमओयू।
3. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर झारखंड समेत देशभर में खासा उत्साह, सांस्कृतिक मंत्रालय कल एक सौ प्रमुख पर्यटन स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्रों का करेगा आयोजन।
4. झारखंड हाईकोर्ट में शराब घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और टेंडर घोटाला के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर आज होगी सुनवाई।
5. झारखंड राज्य फेंसिंग प्रतियोगिता में रांची चैंपियन, राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक।

******************

रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से भारी तबाही हुई है। कई जगहों पर पुल और डायवर्सन बह गये हैं। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में बारिश के कारण आठ लोगों की मौत हो गयी है और दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं।

******************

कोडरमा में भी लगातार हो रही बारिश से आम जन जीवन प्रभावित हुआ है कई इलाकों में भारी जल जमाव हो गया है, जिससे लोगो की परेशानी बढ़ गई है। एनएच पर भी कई जगहों पर पानी भर गया है, जिससे सड़क परिचालन पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार अभी तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का रहने वाला है। कोडरमा उपायुक्त ऋतुराज ने लोगो से अनावश्यक घर से बाहर नही निकलने की अपील की है।

******************

उधर, बोकारो में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से जिले के नदियों और तालाबों का जलस्तर बढ़ गया हैं। तेनुघाट डैम जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। डैम के आठ रेडियल गेट खोल दिये गये हैं। गौरतलब है कि डैम में पानी रखने की क्षमता 852 फीट है जबकि अभी 854 फीट तक पानी पहुंच गया है। तेनुघाट डैम के आठ फाटक खोले जाने से प्रति सेकेंड 55 हजार क्यूसेक प्रति मीटर पानी डिस्चार्ज हो रहा है, जिससे दामोदर नदी का जल स्तर भी काफी बढ़ गया है। दामोदर नदी के किनारे रहने वालों से जिला प्रशासन ने सतर्क रहने की अपील की है।

******************

इधर, औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में भी लगातार बारिश से जनजीवन बेहाल है। यहां भी आज दूसरे दिन स्कूल बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं।

******************

इस बीच मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज भी अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, कोडरमा और लोहरदगा में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हजारीबाग, गिरिडीह, देवघर, दुमका, सिमडेगा और रामगढ़ समेत कई जिलों में मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान भी व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए रांची, सिमडेगा, रामगढ़ और जमशेदपुर में आज भी स्कूल बंद रखने के आदेश दिये गये हैं।

******************

झारखंड ने क्लीन एनर्जी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। विद्युत उत्पादन में शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए योजना एवं विकास विभाग ने स्वानीति इनीशिएटिव के साथ एमओयू किया है। इस अवसर पर रांची के नेपाल हाउस स्थित योजना भवन सभागार में विभागीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने थर्मल पावर प्लांट के व्यापक और दूरगामी प्रभावों को रेखांकित किया।

******************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने राज्य में पेसा कानून लागू करने की मांग दोहरायी है। उन्होंने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि पेसा कानून लागू नहीं होने से आदिवासी समाज रूढ़िवादी व्यवस्था और स्वशासन से वंचित है।

******************

इधर, रघुवर दास के बयान पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की ने पलटवार किया है। श्री तिर्की ने कहा है कि भाजपा को इस पर चिंता करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार और कांग्रेस इस मामले पर पूरी तरह गंभीर है।

******************

अंतर्राष्टीय योग दिवस को लेकर झारखंड समेत पूरे देश–दुनिया में उत्साह का माहौल है। कल होने वाले इस विश्वव्यापी कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गयी है। संस्कृति मंत्रालय योग दिवस पर देश के एक सौ प्रमुख पर्यटन स्थलों और 50 अन्य सांस्कृतिक स्थलों पर योग सत्रों का आयोजन कर रहा है। ये सत्र विशाखापत्तनम में आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रमुख योग कार्यक्रम के पूरक होंगे। विशाखापत्तनम योग आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग लेंगे। इधर, झारखंड में मुख्य कार्यक्रम रांची के बिरसा मुंडा फन पार्क में सबेरे छह बजे से आयोजित किया जायेगा। योगाभ्यास सत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत राज्य के अन्य मंत्री और अधिकारी शामिल होंगे।

******************

झारखंड हाईकोर्ट में आज शराब घोटाला मामलें में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे और टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में दोनों याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं।

******************

रामगढ़ में आयोजित दो दिवसीय 17वीं झारखंड स्टेट फेंसिंग चैंपियनशिप में सबसे अधिक पदक जीतकर रांची जिला विजेता बना है। वहीं, रामगढ़ की टीम उपविजेता रही। हजारीबाग को तीसरा और लोहरदगा को चौथा स्थान मिला। उधर, जयपुर के पूर्णिया यूनवर्सिटी में आयोजित 34वीं सीनियर नेशनल वुशु चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किये।

इधर, जमशेदपुर में आयोजित नवल टाटा हॉकी एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड राज्य सब जूनियर हाकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। फाइलन में उसने खूंटी को चार–एक से हराया।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य भर में भारी बारिश से हुई तबाही की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया ळें

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– जलमग्न रांचीः जोन्हा फॉल में बहे डीपीएस के म्यूजिक टीचर।

हिन्दुस्तान ले लिखा है– शराब घोटाला मामले में कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया गिरफ्तार।

प्रभात खबर के शब्द हैं– मदरसा, अल्पसंख्यक और संस्कृत स्कूलों के 45 हजार बच्चों को मिलेगी किताब और कॉपी।

दैनिक जागरण लिखता है– पेपर लीक  मामले में रांची समेत चार राज्यों में ईडी का छापा।

***************